हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 21 नवंबर 2025

04 जब खेल को सम्मान, मंच और समर्थन मिलता है ...



07 एसआईआर कार्य में लापरवाही व...





## खबर संक्षेप

### भावांतर योजना में सोयाबीन का मॉडल रेट बढ़कर हुआ 4267 रुपए

**सीहोर।** भावांतर योजना 2025 के अंतर्गत सोयाबीन विक्रेता किसानों के लिए आज 20 नवंबर को 4267 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया है। यह मॉडल रेट उन किसानों के लिए है जिन्होंने अपनी सोयाबीन की उपज मंडी प्रांगणों में विक्रय की है। इस मॉडल रेट के आधार पर ही भावांतर की राशि की गणना की जाएगी। सोयाबीन के मॉडल रेट में लगातार वृद्धि जारी है। पहला मॉडल रेट 7 नवंबर को 4020 रुपए प्रति क्विंटल जारी किया गया था। इसी तरह 8 नवंबर को 4033 रुपए, 9 और 10 नवंबर को 4036 रुपए, 11 नवंबर को 4056 रुपए, 12 नवंबर को 4077 रुपए, 13 नवंबर को 4130 रुपए, 14 नवंबर को 4184 रुपए, 15 नवंबर को 4225 रुपए, 16 नवंबर को 4234 रुपए, 17 नवंबर को 4236 रुपए, 18 नवंबर को 4255 रुपए और 19 नवंबर को 4263 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी हुआ था। राज्य सरकार की गारंटी है कि किसानों को हर हाल में सोयाबीन के न्यूनतम समर्थन मूल्य की 5328 रुपए प्रति क्विंटल की राशि मिलेगी।

### राष्ट्रीय स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट 5 दिसंबर से आगर मालवा में



**सीहोर।** यादव समाज के जितेन्द्र यादव ने बताया कि आगामी दिनांक 5,6,7 दिसम्बर 2025 से श्री कृष्ण ग्वाला, गवली, यादव समाज के तत्वाधान में थाना ग्राउण्ड एवं हेलीपैड, आगर मालवा में राष्ट्रीय स्तरीय टेनिस बाल क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित होने जा रहा है। टूर्नामेंट को लेकर यादव समाज सीहोर के खिलाडि़यों काफी उत्साह है और टूर्नामेंट की तैयारी के लिये खिलाड़ी जी-तोड़ मेहनत कर रहे हैं। संरक्षक एवं वरिष्ठ समाज सेवी अखिलेश राय ने यादव समाज सीहोर क्रिकेट टीम के सभी खिलाडि़यों को ट्रेक शूट भेट कर शुभकामनाएं दी है। साथ ही सभी खिलाडि़यों को विधायक सुदेश राय, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष सीताराम यादव, भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष सुदीप सम्राट, जितेन्द्र यादव, जूबेर कुरैशी, अतुल राय, मनीष पटेल, सागर यादव, सुनील राय, समीर नानू सहित सीहोर के सभी जनप्रतिनिधियों, अखिलेश राय फेन्स क्लब, सामाजिक संगठनों एवं समाज के वरिष्ठजनों ने खिलाडि़यों को शुभकामनाऐं प्रेषित की है।

## सहायक के भरोसे चल रहा जिला अस्पताल का नेत्र विभाग

# ईएनटी डाक्टर नहीं होने से मरीज निजी अस्पतालों में जाने को मजबूर

गौरतलब है कि जिला अस्पताल सीहोर में वर्तमान में नेत्र रोग विशेषज्ञ और ईएनटी डाक्टर नहीं है। जिसके कारण नाक, कान, गले और आंखों के रोग के उपचार के लिए आए लोगों को बेहतर उपचार नहीं मिल पा रहा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर







गरीब, जरूरतमंद और हाशिए पर खड़े लोगों को बेहतर उपचार मिल सके इसलिए सरकारें अच्छा खासा बजट स्वास्थ्य सेवाओं पर खर्च कर रही हैं। लेकिन स्वास्थ्य महकमे का ढर्रा नही सुधरता। हालात ऐसे हैं कि बिल्डिंग है आधुनिक उपकरण हैं लेकिन सरकारी अस्पतालों में विशेषज्ञ डॉक्टर नही।

जिला अस्पताल सीहोर में रोजाना बड़ी संख्या में मरीज उपचार के लिए पहुंचते है। जरुरत मंद गरीब लोग जो मंहगे और निजी अस्पतालों में अपना उपचार नहीं करा सकते हैं, ऐसे लोगों को सिर्फ शासकीय अस्पतालों से उपचार की उम्मीद होती है, लेकिन जिला अस्पताल में विशेषज्ञ डाक्टरों की कमी से मरीज परेशान हैं यहां पर लंबे समय से नाक, कान गले के मरीजों को उपचार नहीं मिल पा रहा है, तो वहीं नेत्र विभाग में भी कोई विशेषज्ञ डाक्टर नहीं है, यह विभाग सहायक के भरोसे चल रहा है। जिसके कारण यहाँ आखों की सर्जरी नही हो पाती है। मरीजों को या तो निजी क्लीनिको पर जाना पड़ता है या फिर शहर से 30 किमी दूर राजधानी भोपाल जाने को वह मजबूर होते हैं।

गौरतलब है कि जिला अस्पताल सीहोर में वर्तमान में नेत्र रोग विशेषज्ञ और ईएनटी डाक्टर नहीं है। जिसके कारण नाक, कान, गले और आंखों के रोग के उपचार के लिए आए लोगों को बेहतर उपचार नहीं मिल पा रहा है। इस कारण से उन्हें निजी अस्पतालों मे मंहगे इलाज के लिए बाध्य होना पड़ता है। वर्ष 2021 में ईएनटी विशेषज्ञ डा सुधीर श्रीवास्तव सेवा निवृत्त हो गए थे, इसके बाद से यहां डा प्रवीर गुप्ता ईएनटी विशेषज्ञ के रूप में पदस्थ हुए लेकिन सिविल सर्जन बनाए जाने के कारण कार्यालयीन कार्यो में व्यस्त रहे। जिला अस्पताल में पांच साल से नाक कान गले के उपचार के लिए मरीज परेशान हो रहे है।

### कार्यालयीन कार्यों में व्यस्त

वर्तमान में देखा जाए तो जिला अस्पताल में ईएनटी डाक्टर के पद पर डा सुधीर श्रीवास्तव पदस्थ हैं, लेकिन वह आरएमओ के पद पर पदस्थ है, जिसके कारण वह कार्यालयीन कार्यो में व्यस्त रहते है, इससे वह मरीजों को समय नहीं दे पाते हैं। वहीं नेत्र रोग विशेषज्ञ डा उमेश श्रीवास्तव सिविल सर्जन के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। ऐसे यह विभाग नेत्र चिकित्सा सहायक के भरोसे चल रहा है।

### कमिश्नर को पत्राचार किया है

इस सम्बंध में जिला अस्पताल सीहोर के सीएस डॉ उमेश श्रीवास्तव का कहना है कि ईएनटी विभाग में विशेषज्ञ की पद स्थापना के लिए कमिश्नर कार्यालय में पत्र लिख चुके हैं। मै भी नेत्र संबंधित मरीजों को देखता हूं। पत्राचार किया जा रहा है।

## एसआईआर कार्य में तेजी, मतदान केंद्र 123 उदयपुर में सबसे पहले सर्वे संपन्न



**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर पूरे जिले में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य जारी है। इसी कड़ी में आष्टा विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र क्रमांक 123 उदयपुर ने एसआईआर के तहत स्पेशल इन्वेस्टिगेशन रिपोर्ट सर्वे को क्षेत्र में सबसे पहले सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है।

मतदान केंद्र 123 उदयपुर में इस महत्वपूर्ण कार्य को निर्धारित समय से पहले और त्रुटिरहित ढंग से पूरा करने का श्रेय बूथ लेवल ऑफिसर संजय कुमार जैन और उनकी टीम को जाता है। टीम की लगन और समन्वय से ही यह उपलब्धि हासिल हो सकी है। सर्वे कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में अतिथि शिक्षक अरविन्द सिंह ठाकुर ने विशेष सहयोग किया। इसके अतिरिक्त लेखपाल अमित पालीवाल और ग्राम रोजगार सहायक योगेश गुप्ता ने भी बीएलओ के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम किया। पूरी टीम ने डोर टू डोर जाकर न केवल मतदाताओं का सत्यापन किया, बल्कि नए मतदाताओं को जोडऩे और त्रुटियों को सुधारने का कार्य भी पूर्ण किया।

**मतदाता संख्या पर फोकस :** मतदान केंद्र 123 उदयपुर कुल 732 मतदाता दर्ज हैं। एसएसआर सर्वे के माध्यम से टीम ने यह सुनिश्चित किया कि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे और मृतक या स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाए जाएं, जिससे मतदाता सूची पूरी तरह से शुद्ध और अद्यतन हो सके।

**अन्य केंद्रों के लिए प्रेरणा :** बीएलओ संजय कुमार जैन और उनकी टीम द्वारा एसआईआर सर्वे को सबसे पहले पूरा करना अन्य मतदान केंद्रों के ठस्ऽ और सहयोगी स्टाफ के लिए एक प्रेरणा का स्रोत बन गया है। निर्वाचन कार्यालय ने भी इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की है और उम्मीद जताई है कि अन्य टीमें भी इसी लगन और समयबद्धता के साथ पुनरीक्षण कार्य को पूरा करेंगी, ताकि आगामी चुनावों के लिए एक स्वच्छ और मजबूत मतदाता सूची तैयार की जा सके।

## चुनाव ड्यूटी पर तैनात बीएलओ को जान से मारने की धमकी

**सीहोर।** जिले में चुनाव आयोग द्वारा चलाए जा रहे विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य के दौरान एक बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) को धमकी देने और उसके साथ अभद्र व्यवहार करने का गंभीर मामला सामने आया है। श्यामपुर थाना पुलिस ने गुरुवार को इस संबंध में आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार शासकीय प्राथमिक शाला रामपलासी 145 में कार्यरत बीएलओ सुनील राय अपने स्कूल में पुनरीक्षण से संबंधित टेबल वर्क कर रहे थे। इसी दौरान रामपलासी निवासी विजय पिता सूरज सिंह ने कक्ष के अंदर प्रवेश किया और उनके साथ गाली गलौज करते हुए अभद्र भाषा का प्रयोग किया।

### जान से मारने की धमकी

आरोपी विजय यहीं नहीं रुका उसने बीएलओ सुनील राय को जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि यदि वह गांव में दिखा तो उसे जान से मार देगा। बीएलओ सुनील राय ने बताया कि एसआईआर जैसे महत्वपूर्ण कार्य के लिए उन्हें लगातार गांव में जाना पड़ता है। बीएलओ की शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी विजय पिता सूरज सिंह के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की है।

एसडीओपी पूजा शर्मा के अनुसार मामले की गंभीरता को देखते हुए आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## युवाओं के साथ बेरहमी से मारपीट करने वाले शराब कारोबारी पिता-पुत्र गिरफ्तार, नर्मदापुरम जेल भेजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शाहगंज थाना क्षेत्र में दो युवकों के साथ बेरहमी से मारपीट करने और वीडियो वायरल होने के बाद सुर्खियों में आए शराब कारोबारी पिता-पुत्र को आखिरकार पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी के बाद आरोपियों को बुधनी एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में नर्मदापुरम जेल भेज दिया गया है।

मामला 10 नवंबर की रात का है, जब शराब कारोबारी मंशाराम, दीपक और राजेश गुर्जर ने आयुष जोशी नामक युवक को रोककर शराब बेचने की झूठी आशंका में उसकी तलाशी ली और फिर बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। जब चेतन नामदेव ने बीच-बचाव करने की कोशिश की तो उसे भी बुरी तरह पीटा गया। मारपीट की यह घटना मौके पर मौजूद लोगों ने रिकॉर्ड कर ली और वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ था।

**पांच दिन बाद एफआईआर :** बता दें युवकों को थाने जाने पर जान से मारने की धमकी दी गई थी, जिसके डर से पीड़ित एफआईआर दर्ज कराने थाने नहीं पहुंचे। वीडियो वायरल होने के बाद सिस्टम हरकत में आया और 15 नवंबर को पीड़ित आयुष ने अपने पिता के साथ थाने पहुंचकर तीनों आरोपियों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई।

**तीन दिन तक पुलिस गिरफ्त से बाहर रहे आरोपी :** एफआईआर दर्ज होने के बाद भी आरोपी तीन दिनों तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर रहे। इस दौरान पुलिस ने आरोपियों की धरपकड़ के लिए उनके ग्राम बकतरा और डोबी स्थित ठिकानों पर लगातार दबिश दी थी, लेकिन उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ा था।

### आरोपी पहुंचे जेल

बुधवार को आरोपियों को गिरफ्तार कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में लेकर नर्मदापुरम जेल पहुंचा दिया गया है।

## जिला सहकारी बैंक को मिला प्रदेश स्तरीय पुरस्कार





**सीहोर।** अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के तहत चलाए जा रहे सहकारी समितियों के पूर्ण कम्प्यूटराईजेशन अभियान के तहत जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित सीहोर एवं सहकारिता विभाग सीहोर को प्रदेश स्तरीय दूसरा पुरस्कार हासिल हुआ है। पुरस्कार के तहत बैंक एवं विभाग को एक लाख की राषि एवं समितियों को भी नगद पुरस्कार प्राप्त हुआ है।

भोपाल में आयोजित एक भव्य समारोह में प्रदेश के सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग एवं अन्य अतिथियों द्वारा सीहोर बैंक एवं सहकारिता विभाग को संयुक्त रूप से दूसरे पुरस्कार का हकदार मानकर उपायुक्त सहकारिता सुधीर कैथवास एवं बैंक के सीईओ मनोज शर्मा को नगद पुरस्कार के रूप में एक लाख रूपए की राषि का चैक प्रदान किया। पैक्स कम्प्यूटराईजेषन योजना के तहत सीहोर जिले की 10 समितियों को सबसे पहले पूर्णतया कम्प्यूटरीकृत होने पर 5-5 हजार की नगद राशि पुरस्कार स्वरूप दी जा रही है। इन सहकारी समितियों में नापलाखेडी, चंदेरी, बिजौरी, मुगली, हकीमाबाद, लौरासखुर्द, मैना, ग्वाली, फूडरा एवं जमोनिया फतेहपुर प्रमुख रूप से शामिल है। बैंक एवं विभाग की इस उपलब्धि पर उपायुक्त सहकारिता सुधीर कैथवास एवं बैंक के सीईओ मनोज शर्मा सहित पुरस्कृत हुई समितियों के प्रबंधकों व आपरेटरों को बैंक के समस्त अधिकारी व कर्मचारियों ने हार्दिक बधाई प्रेषित की है। बैंक के सीईओ श्री शर्मा ने कहा है कि बैंक की सभी समितियों में कम्प्यूटराईजषन की प्रक्रिया चल रही है। शीघ्र ही जिले की बाकी समितियां भी पूर्णतः कम्प्यूटराईज हो जाएगी।

## पारा 6.5 डिग्री पर पहुंचाः बादल छंटने से और गिरेगा तापमान, दिन-रात के पारे में करीब 20 डिग्री का अंतर

**सीहोर।** गुरुवार को भी कड़ाके की ठंड जारी रही। जिले में न्यूनतम तापमान 6.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में आसमान से बादल साफ होने और ठंड का प्रभाव और बढ़ने की संभावना जताई है। गुरुवार को अधिकतम तापमान 26.3 डिग्री सेल्सियस रहा। इस तरह न्यूनतम और अधिकतम तापमान में काफी अंतर देखा गया। पिछले एक-दो सप्ताह से जिले में ठंड का असर लगातार बढ़ रहा है। पिछले 14 दिनों से मौसम में बड़ा बदलाव आया है। इससे पहले कभी बारिश तो कभी गर्मी का मिला-जुला मौसम देखने को मिल रहा था। अब न्यूनतम तापमान में गिरावट के बाद लोगों को ठंड का अहसास होने लगा है।

## सम्मान राशि और भावांतर भुगतान पर किसान खुश, खातों में 33 करोड़ पहुंचे




**सीहोर।** जिले में किसानों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए गुरुवार को एक अनोखी बैलगाड़ी रैली निकाली। यह रैली किसानों को PM किसान सम्मान निधि, सोयाबीन के भावांतर का भुगतान और खराब फसल के मुआवजे की राशि मिलने की खुशी में निकाली गई। जिले के कई गांवों से किसान समाजसेवी एमएस मेवाड़ा के आह्वान पर बैलगाड़ियों के साथ पहुंचे। गांवों में बैलगाड़ियां कम होने के बावजूद बड़ी संख्या में किसानों ने रैली में हिस्सा लिया।मेवाड़ा के नेतृत्व में किसान पिछले दो महीनों से विभिन्न गांवों और शहरों में अपने अधिकारों को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे, जिसके बाद सरकार ने उनकी मांगें मान लीं।

**1.65 लाख किसानों के खातों में पहुंचे 33 करोड़ रुपए :** सरकार द्वारा जारी राशि से किसानों में उत्साह का माहौल है। प्रशासनिक आंकड़ों के अनुसार 1,65,067 किसानों के खातों में कुल 33 करोड़ 01 लाख 34 हजार रुपये की राशि सीधे DBT के माध्यम से अंतरित की गई है। यह राशि PM किसान सम्मान निधि, सोयाबीन भावांतर और फसल क्षतिपूर्ति योजनाओं के अंतर्गत दी गई है।

## ठेका निरस्त करने को लेकर अध्यक्ष के नाम सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

# दिन में शहर में अगर अवारा सुअर घूमते दिखे तो नगर पालिका अमला पकड़ेगा :सीएमओ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सेवादल कांग्रेस जिला अध्यक्ष नरेन्द्र खंगराले जाटव दलित चिंतक, मदनलाल मालवीय, खटीक सोनकर समाज के अध्यक्ष दीपक सोनकर के नेतृत्व में पालतु सुअर पकडऩे का ठैका निरस्त करने को लेकर नपाध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर के नाम ज्ञापन सीएमओ सुधीर सिंह को सौंपा गया। इस अवसर पर नरेन्द्र खंगराले ने खटीक सोनकर समाज की बात को गंभीरता से रखते हुए ज्ञापन के माध्यम से अध्यक्ष एवं सीएओ को बताया कि सोनकर समाज के पास सुअर पालने का एक मात्र धन्धा बचा है। बीमारी के कारण कई सुअर मारे जाते है, इस कारण से बैंक का ऋण चुकता करने में भी दिक्कत आ रही है। बैरोजगारी एक भयानक समस्या है, अगर नियम विरूद्ध सुअर पकड़े गये तो भुखे मरने की स्थिति उत्पन्न हो जावेगी, विश्वस सूत्रों द्वारा ज्ञात हुआ है कि इन्दौर के गुण्डे बदमाश जो रात्रि में इन्दौर से सीहोर आकर सुअर चुराते हैं, जिनको भोपाल इन्दौर रोड भारतीय नगर के रेवासियों द्वारा पकड़ा गया था तथा इनकी चार पहिया गाड़ी को भी बीच में तोड़ा गया था, यह लोग वर्षों से सुअर चुराने का काम करते हैं, इन बदमाशों के ऊपर सिटी कोतवाली सीहोर द्वारा चार पहिया वाहन जब्त कर प्रकरण पंजीबद्ध किया गया तथा इनसे सुअर बरामद किये गये थे। सोनकर समाज द्वारा उक्त धन्धा बंद कर व्यसाय हेतु शासन से भूमि व धन्धा रोजगार उपलब्ध कराने की मांग की गई है। ज्ञापन को सीएमओ द्वारा गंभीरता से लेते हुए पालकों को चैतावनी दी गई कि अगर शहर में सुअर दिन में दिखाई दिये तो कार्यवाही की जावेगी। जिसकी सारी जवाबदारी सुअर पालकों की होगी, अगर नही माने तो सुअरों को पकडक़र जंगलों में छोड़ा जावेगा। ज्ञापन सौंपने वालों में नरेन्द्र खंगराले, मदनलाल मालवीय, मुन्नालाल मालवीय, रामदुलारे सोनकर, गंगाराम व कालु सोनकर, दीपक सोनकर, गणेश सोनकर, धर्मेन्द्र सोनकर, राहुल सोनकर, मोनू सोनकर, अशोक सोनकर, विमल सोनकर, शेखर सोनकर, मुकेश सोनकर, साहिल सोनकर, बापुलाल मालवीय, विजय मालवीय, नारायण सिंह मालवीय, खेमराज मालवीय, रामप्रसाद मालवीय आदि प्रमुख थे।

जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रा
कल के अंक में देखें
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसका महाबम्बर ड्रा दिनांक 22 नवंबर 2025 से निकाला जायेगा।
भाग्यशाली पाठकों के उपहार देने की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

**खबर संक्षेप**

## किसान, गोबर और गौ-मूत्र से खाद बनाएं

**सीहोर।** किसान भाई सदियों से गोबर से खाद बनाता आया है। कृषि विभाग के अधिकारी प्राकृतिक संसाधनों से जैविक खाद का अपयोग करने की सलाह लगातार दे रहे है अब किसान जान गये हैं और अब कई किसानों ने गौ-मूत्र और गोबर, पत्तों से खाद बना कर खेतों में उपयोग किया जा सकता है। हम सभी को प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने में अपनी भूमिका निभानी होगी। प्राकृतिक खेती हम सभी के लिये लाभदायक है। किसान अपने खेत पर गोबर और गोमूत्र से खाद भी बनाया है। मध्य प्रदेश के किसान प्राकृतिक खेती कर रहे हैं। कई किसानों ने अपने खेत में प्राकृतिक खेती प्रारंभ की है। वे गोबर, गोमूत्र, मिट्टी, पत्ते, वनस्पति और गुण से जीवामृत बना रहे हैं। प्राकृतिक संसाधनों से खाद बनाने में लागत भी कम आती है और फसल में पैदावार भी अच्छी होती है। प्रदेश में प्राकृतिक उत्पाद की मांग बढ़ी है।

## कार ने बाइक चालक को रौंदा, मौके पर ही मौत



**सीहोर** । भोपाल-इंदौर हाईवे स्थित फंदा टोल के पास एक अज्ञात कार चालक ने इलेक्ट्रिक बाइक में टक्कर मार दी। इससे चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक भोपाल निवासी बताया जाता है, जो अपनी बाइक से गांवों में कपड़े बेचने का काम करता था। पुलिस के अनुसार, भोपाल के टीला जमालपुरा निवासी 58 वर्षीय नारायण दास पिता गोपालदास कपड़े का कारोबार करता था। वह अपनी इलेक्ट्रिक बाइक पर कपड़े रखकर गांवों में बेचने जाता था। बुधवार को वह भोपाल से सीहोर की ओर आ रहा था। जैसे ही वह फंदा टोल के आगे जीरो पाइंट के समीप पहुंचा, पीछे से आ रही कार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में नारायण दास की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया।

### सांसद खेल महोत्सव के तहत मैदान से मंच तक: भैरुंदा से निकलेगा देश का अगला सितारा : रवि मालवीय

# जब खेल को सम्मान, मंच और समर्थन मिलता है तो हर बच्चा बन सकता है चैंपियन : शिशिर

### सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत भैरुंदा में क्रिकेट महासंग्राम, 25 टीमें मैदान में हर गेंद में भविष्य का सपना सजा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा





जिस मिट्टी में खिलाड़ी पसीना बहाते हैं, वही मिट्टी इतिहास गढ़ती है। भैरुंदा के खेल परिसर में गुरुवार को कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिला, जब सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य और ऐतिहासिक शुभारंभ हुआ। हर ओर जोश, जुनून और गर्व का माहौल था। मैदान पर सिर्फ बल्ला और गेंद नहीं चल रहे थे, बल्कि सपने, आत्मविश्वास और उज्ज्वल भविष्य की पटकथा भी लिखी जा रही थी।

भारतीय जनता पार्टी मंडल भैरुंदा के तत्वावधान में आयोजित यह प्रतियोगिता केंद्रीय मंत्री एवं विदिशा सांसद शिवराज सिंह चौहान की दूरदर्शी सोच और युवाओं के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का परिणाम है। उनका सपना है कि छोटे कस्बों और गांवों से प्रतिभाएं निकलकर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश और क्षेत्र का नाम रोशन करें — और भैरुंदा अब उस सपने की ओर मजबूती से बढ़ रहा है।

प्रतियोगिता का उद्घाटन भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रवि मालवीय ने फीता काटकर किया। उद्घाटन अवसर पर खेला गया नगर परिषद पार्षद इलेवन और पत्रकार इलेवन के बीच मॉडल मुकाबला दर्शकों के लिए खास आकर्षण का केंद्र रहा। दोनों ही टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए खेल भावना का बेहतरीन परिचय दिया। रवि मालवीय ने मंच से नारा देते हुए कहा —मैदान से मंच तकः भैरुंदा से निकलेगा देश का अगला सितारा "खेल से अनुशासन, खेल से आत्मविश्वास और खेल से देश का उज्ज्वल भविष्य बनता है।" उन्होंने कहा कि आज गांव का वही खिलाड़ी कल देश का प्रतिनिधित्व करेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'खेलो भारत – बढ़ो भारत' के संदेश से प्रेरित होकर सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जिससे युवाओं को एक मजबूत मंच मिल रहा है।

नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर ने आयोजन को विदिशा संसदीय क्षेत्र का "अद्भुत और ऐतिहासिक" क्षण बताते हुए कहा कि खेल न केवल शरीर को मजबूत बनाता है, बल्कि मानसिक मजबूती भी देता है। छोटे कस्बों से निकलकर युवा आज खेल के दम पर देश और दुनिया में अपनी अलग पहचान बना रहे हैं। यह महोत्सव आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा बनेगा। यह आयोजन केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि भैरुंदा के भविष्य का उत्सव है। यह संदेश दे रहा है कि जब खेल को सम्मान, मंच और समर्थन मिलता है — तो गांव का हर बच्चा चैंपियन बन सकता है।

इस प्रतियोगिता में मंडल स्तर की कुल 25 टीमें हिस्सा ले रही हैं। अगले चार दिनों तक चलने वाले इस टूर्नामेंट के बाद सर्वश्रेष्ठ टीमों का चयन कर उन्हें विधानसभा स्तर पर भेजा जाएगा। समापन समारोह में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, विधायक रमाकांत भार्गव और युवा नेता कार्तिकेय सिंह चौहान की गरिमामयी उपस्थिति संभावित है।

उद्घाटन के दौरान रवि मालवीय ने स्वयं बैटिंग कर मैदान का उत्साह दुगुना कर दिया। उन्होंने जैसे ही गेंद को बाउंड्री के पार पहुंचाया, मैदान तालियों और नारों से गूंज उठा। यह क्षण खिलाड़ियों के लिए किसी प्रेरणास्त्रोत से कम नहीं था। इसके बाद केसीसी इलेवन और भैरुंदा वारियर्स के बीच मुकाबला खेला गया, जिसमें युवाओं ने शानदार प्रदर्शन किया और साफ कर दिया कि भैरुंदा की धरती में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है।

कार्यक्रम में विशेष रूप से रवि मालवीय, मारुति शिशिर, चंद्रकांत खंडेलवाल, मंडलाध्यक्ष आशीष शर्मा, ओम पटेल, जितेंद्र गौड़, संजय पटेल, महेंद्र परिहार, दीनबंधु कुशवाह, कपिल खंडेलवाल, गोपाल तिवारी, राजेश पंवार, तरुण मालवीय, अमित मीणा, रितेश मकवाना, ओम राठौड़, गोलू विश्वकर्मा, अरविंद पंवार, गोल्डी अग्रवाल सहित नगर परिषद के पार्षदगण सहित अधिकारी जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, खिलाड़ी और खेल प्रेमी मौजूद रहे। इस अवसर पर खेल शिक्षक अजय मालवीय, नीलमणि सेंगर, सचिन त्रिवेदी एवं तरुण राज ने प्रतियोगिता को अनुशासित और सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।

## शासकीय सांदीपनि उमावि मनुबेन में सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ



**सीहोर।** गुरुवार को को विद्यालय में संकुल स्तारीय सांसद खेल महोत्सठव का शुभारंभ मण्डल अध्यनक्ष सुदीप प्रजापति के मुख्य आतिथ्य एवं नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर के विशेष आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर वार्ड पार्षद प्रतिनिधि दिलीप राठौर, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी दीपा कीर, आवासीय विद्यालय के प्राचार्य आलोक शर्मा, बी.आर.सी. आशोक वर्मा, संकुल प्राचार्य हेमलता राठौर, संस्थार प्राचार्य दीपसिंह राठौर एवं समस्त स्टॉफ की गरिमामय उपस्थिति रही। सर्वप्रथम मंउल अध्ययक्ष सुदीप प्रजापति एवं नगर पालिका अध्ययक्ष प्रिंस राठौर व अन्य अतिथियों द्वारा विभिन्नी खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया गया व विद्यालय में रस्साकशी, कुर्सी दौड़, चम्मसच दौड़ प्रतियोगिताओं का अवलोकन भी किया गया। विद्यालय में संकुल स्त रीय दो दिवसीय विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाना है। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा विद्यालय में पूर्व में सेवासत्तो एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत अन्तसर्गत आयोजित कराई गई प्रतियोगिता के पुरस्कारों का वितरण भी किया गया। कार्याक्रम का सफल संचालन भी प्रदीप नागिया एवं संजय सक्सेगना द्वारा किया गया। खेल प्रतियोगिता में पी.एम.श्री. स्वामी विवेकानंद हाई स्कूल मंडी तथा सांदीपनि विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने उत्साह पूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम की नगर मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति द्वारा सरहाना की गई।

## माना स्थित खेल मैदान में हुआ आयोजन, कई प्रतियोगिताएं की गई आयोजित



**बुधनी।** नगर में सांसद खेल महोत्सव 2025 का आयोजन प्रधानमंत्री एवं केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान की मंशानुसार खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया। इसी क्रम में नगरीय क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 14 स्थित माना खेल मैदान में आयोजन उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ कार्यक्रम में सांदीपनि स्कूल, पीएम श्री स्कूल, माध्यमिक शाला माना एवं निजी शिक्षण संस्थाओं के छात्र–छात्राओं ने बड़ी संख्या में उपस्थिति दर्ज करवाई विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में रस्साकशी,कुर्सी दौड़, चम्मच-दौड़ और अन्य टीम-आधारित खेल शामिल रहे, जिनमें बच्चों ने बेहतरीन अनुशासन, टीम भावना और खेल कौशल का प्रदर्शन किया स्कूलों के खेल टीचर और कोच भी मौजूद रहे और खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते रहे कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सांसद प्रतिनिधि अर्जुन मालवीय,मंडल अध्यक्ष संतोष गौर, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश पाल,उपाध्यक्ष सत्येंद्र शर्मा,पार्षद प्रभात भदौरिया, यशवंत चौहान,पार्षद प्रतिनिधि किशन मालवीय एवं हरदयाल आजाद, धीरेन्द्र तिवारी तथा मुख्य नगरपालिका अधिकारी संतोष रघुवंशी सहित नगर परिषद के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पढ़ाई-लिखाई के साथ अब खेलना कूदना भी है जरूरी: विधायक राय



**सीहोर।** शासकीय कन्या कस्तूरबा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत गुरुवार को आयोजित पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक सुदेश राय ने कहा कि बच्चों तुम्हारे उज्वल भविष्य की जिम्मेदारी हमारी है। बच्चों अब खेल कर भी माता-पिता गुरुजनों का नाम रोशन किया जा सकता है।

हमें अब खेलने से पीछे नहीं हटना है और पढ़ाई में भी नंबर वन रहना है। चिंता मत करना स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाएं और हम तुम्हारे साथ हैं। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष नरेश मेवाडा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर सम्मिलित हुए। सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया प्रतियोगिता में चम्मच दौड़ 100 मीटर रेस कुर्सी दौड़ खो खो इत्यादि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विधायक सुदेश राय ने विजेता बच्चों को पुरस्कार प्रदान किए। भाजपा मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति के नेतृत्व में शहर के शासकीय अशासकीय की स्कूलों में सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है। खेल पतियोगिताओं में भाजपा मंडल के पदाधिकारी और कर्यकर्ता भी महत्वपूर्ण सहयोग दे रहे हैं। अतिथियों ने मां सरस्वती का पूजा अर्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उक्त कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष नरेश मेवाडा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर सम्मिलित हुए। अतिथियों का विकासखंड शिक्षा अधिकारी दीपा कीर,आवासीय संस्थान के प्राचार्य आलोक शर्मा, जन शिक्षक जगदीश मालवीय ने गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया। आभार प्रदर्शन प्राचार्य नीना सिंह के द्वारा व्यक्त किया गया। सांसद खेल महोत्सव में संकुल संकुल स्तरीय शासकीय एवं अशासकीय संस्थाओं के छात्राओं ने भाग लिया। संचालन विश्व जीत त्यागी द्वारा किया गया।

## डिवाइडरों के बीच कराया पौधरोपण



**सीहोर।** विधायक सुदेश राय ने जन्मदिन के उपलक्ष्य में दिलीप सरकार मित्र मंडली द्वारा इंदौर नाके से इछावर जोड़ तक डिवाइडरों के बीच पौधे रोपे गए।

## चाणक्यपुरी में प्राण-प्रतिष्ठा यज्ञ शिव महापुराण कथा हुई प्रारंभ



**सीहोर।** चाणक्यपुरी में गुरूवार को पिप्पलेश्वर मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई। प्रमुख मांर्गो से होती हुई कलश यात्रा माँ राजराजेश्वरी माता मंदिर पहुंची। माँ राजराजेश्वरी माता मंदिर समिति द्वारा अंतराष्ट्रीय कथा वाचक प. प्रदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में शिव परिवार,शीतला माता व संकट मोचन हनुमानजी महाराज की प्रतिमाओं में प्राण प्रतिष्ठा एवं संगीतमय शिवमहापुराण कथा का शुभारंभ किया गया।

पंड़ित सुनील शर्मा ने बताया कि सात दिनों तक धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कथा वाचक प.रविन्द्राचार्य शर्मा के द्वारा शिवमहापुराण कथा का वाचन प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा। पूर्ण आहुति एवं भण्डारा का आयोजन आगामी बुधवार 26 नवंबर को दोपहर में किया जाएगा।

मंदिर के पूजारी पंडित ससंजय तिवारी, पंड़ित शेलेश तिवारी, पंड़ित अखिलेश शास्त्री, पंडित वीरेंद्र शास्त्री, पंड़ित अनमोल शास्त्री द्वारा वैदमंत्र उच्चारित कर शिव परिवार की पूजा अर्चना की गई कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन शामिल रहे। माँ राजराजेश्वरी माता मंदिर समिति ने श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में सम्मिलित होने की अपील की है।

### क्षेत्रीय विधायक रमाकांत भार्गव भी रहे मौजूद, खिलाड़ियों से लिया परिचय

# खेल स्टेडियम में सांसद खेल महोत्सव का कार्तिकेय सिंह चौहान ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी



सांसद खेल महोत्सव को लेकर इस समय जगह-जगह खेलों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में विदिशा संसदीय क्षेत्र की बुधनी विधानसभा के रेहटी में भी सांसद खेल महोत्सव की शुरुआत हुई।

खेल महोत्सव की शुरुआत बुधनी विधायक रमाकांत भार्गव एवं युवा नेता कार्तिकेय सिंह चौहान ने की। इससे पहले रेहटी पहुंचे नेताओं की भाजपा सलकनपुर मंडल अध्यक्ष बनवीर सिंह चंद्रवंशी के नेतृत्व ने अगवानी की गई। खेल महोत्सव को लेकर आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। इस मौके पर विधायक रमाकांत भार्गव ने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए जीवन में खेलों का होना बेहद जरूरी है। इस खेल महोत्सव से जहां खिलाड़ियों को अपना प्रदर्शन करने के लिए मंच मिल रहा है तो वहीं खेलों का रोमांच भी बना हुआ है। युवा नेता कार्तिकेय सिंह चौहान ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव की शुरुआत 3 साल पहले हुई थी। उस दौरान रेहटी नगर में भव्य आयोजन हुआ था। उस समय खेल का मैदान नहीं था, लेकिन इस बार खेल महोत्सव यहां बने स्टेडियम में हो रहा है और प्रयास है कि एक इनडोर खेलों के लिए भी यहां पर स्टेडियम बने, ताकि अन्य खेलों को भी यहां पर खेला जा सके। खेल महोत्सव के दौरान शुरूआती मैच शिव शक्ति क्रिकेट क्लब रेहटी एवं विश्वराज क्लब रेहटी के बीच हुआ। मैच देखने के लिए भारी संख्या में खेल प्रेमी मैदान में मौजूद रहे। इस मौके पर रेहटी नगर परिषद के अध्यक्ष राजेंद्र मीना पटेल, उपाध्यक्ष अर्चना राजीव शर्मा, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह पाटीदार, वरिष्ठ भाजपा नेता रामगोपाल ट्रेलर, रामनारायण साहू, अनार सिंह चौहान, पूर्व जिला अध्यक्ष रवि मालवीय, सलकनपुर ट्रस्ट अध्यक्ष महेश उपाध्याय, पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रेमनारायण मीणा युवा मोर्चा पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश राजपूत युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सोलंकी, युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष कृतिन जिराती सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

# स्कूलों में आयोजित की जाएगी धार्मिक ऐतिहासिक विषयों को लेकर प्रतियोगिता

### विद्यार्थियों को विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल देगा नैतिक शिक्षा



**सीहोर।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के द्वारा निजी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को भारतीय इतिहास की सही जानकारी दी जाएगी और उनके बौद्धिक विकास को मजबूत किया जाएगा। विद्यार्थियों को भारतीय सस्कृति से अवगत कराया जाएगा। सनातन धर्म से जुड़ी नैतिक शिक्षा दी जएगी।

इस संबंध में विश्व हिंदू परिषद नैतिक शिक्षा आयाम की विशेष नगर स्तरीय बैठक का आयोजन बुधवार को आदि श्री विश्राम गृह में किया। बैठक में निजी स्कूलों के संचालक प्रबंधक प्राचार्य भी सम्मिलित हुए। केंद्रीय सह मंत्री गोविंद शिंडे का मार्गदर्शन कार्यकर्ताओं को प्राप्त हुआ। नैतिक शिक्षा आयाम के मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ के नैतिक शिक्षा आयाम के क्षेत्रीय प्रमुख सुनील कुमार शर्मा राजगढ़ विभाग संगठन मंत्री भानुसिंह राजपूत,जिला नैतिक शिक्षा प्रमुख राकेश कुमार विश्वकर्मा ने भी बच्चों की नैतिक शिक्षा पर बल दिया।


मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ के नैतिक शिक्षा आयाम के प्रमुख सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि सभी स्कूलों में विशेष पुस्तक के माध्यम से बौद्धिक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी विद्यार्थियों को भगवत गीता, रामायण, महाभारत जैसे महाग्रंथों के माध्यम से नैतिक शिक्षा दी जाएगी।

नगर स्तरीय नैतिक शिक्षा आयाम बैठक में प्रमुख रूप से महेश मेवाड़ा जिला कोषाध्यक्ष ,जिला सह संयोजक आशीष सीसोदिया ,नगर अध्यक्ष परमवीर जाट, नगर उपाध्यक्ष आशीष कुशवाह नगर मंत्री यज्ञेश, नगर सह मंत्री हेमन्त विश्वकर्मा नगर संयोजक समीर राय , नगर नैतिक शिक्षा प्रमुख अक्षय साहू, नगर सह संयोजक शुभम मालवी और वरिष्ठ शिक्षक उपस्थित रहे।

पटवारी निलंबित, दो शिक्षकों को थमाए शोकाज और 2 रोजगार सहायकों की बर्खास्तगी की अनुशंसा

# एसआईआर कार्य में लापरवाही व अनुशासनहीनता पर कार्रवाई





हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा-बोड़ा

विधानसभा क्षेत्र-160 नरसिंहगढ़ में चल रहे निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य में लापरवाही बरतने का मामला सामने आया है। इस संबंध में अतिरिक्त तहसीलदार एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी बोड़ा द्वारा कलेक्टर (निर्वाचन) राजगढ़ को बर्खास्त सहित प्रतिवेदन भेजा गया है।

मिली जानकारी के अनुसार, अधिकारी ने 18 नवंबर 2025 को मतदान केन्द्र क्रमांक 101 ग्राम पंचायत कोडियागोड और मतदान केन्द्र क्रमांक 122 ग्राम पंचायत उदपुरिया का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनों ही केंद्रों के रोजगार सहायक अमृतलाल रूहेला कोडियागोड, राजेश यादव उदपुरिया।

## मौके पर अनुपस्थित पाए गए

लगातार अनुपस्थित होते हुए फोन रिसीव तक नहीं किया स्थानीय ब्लॉक लेवल अधिकारियों और कर्मचारियों ने बताया कि एसआईआर कार्य की शुरूआत से लेकर अब तक दोनों रोजगार सहायकों ने न तो उपस्थिति दर्ज कराई और न ही किसी प्रकार का सहयोग किया है। निरीक्षण के दौरान भी अधिकारी द्वारा कई बार फोन किए जाने के बावजूद दोनों कर्मचारियों ने कॉल रिसीव नहीं किया और न ही कॉल बैक किया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए अधिकारी ने इसकी सूचना जनपद पंचायत के अधिकारी राजाराम वर्मा को भी दी। वहीं दो अन्य शिक्षकों द्वारा भी इसी तरह की लापरवाही सामने आने पर उन्हें कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है जबकि निर्वाचन पुर्नरीक्षण कार्य में लापरवाही के चलते नरसिंहगढ तहसील के पटवारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विधानसभा 160 नरसिंहगढ़ को प्रतिवेदन भेजा हे की आगे की कार्रवाई के लिए। इसकी प्रतिलिपि कलेक्टर निर्वाचन राजगढ़ को भेजा गया।

## 3 दिन कर्तव्य स्थल पर अनुपस्थित रहने पर पटवारी निलंबित

नरसिंहगढ तहसील के पटवारी दीपक चतुर्वेदी को हल्का नं 73 लश्करपुर कर्तव्य से अनुपस्थित पाए जाने एवं मोबाइल बंद होने के कारण इसे निर्वाचन जैसे अति महत्वपूर्ण कार्य में रूचि नहीं लेना एवं स्वैच्छारिता व लापरवाही को प्रदर्शित करता है जिसके चलते मध्यप्रदेश सिविल सेवा नियम 1966 के नियम 9 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

## निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही पर इन शिक्षकों को मिले शो-कॉज

एसडीएम नरंसिहगढ ने मतदान केंद्र 95 पर नियुक्त मानसिंह परमार सहायक शिक्षक मा वि पीपल्यारसोडा को विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर में लापरवाही करने व मतदाताओं के प्रपत्र 17 नवंबर 25 तक ऑनलाइन न करने पर बीएलओ सुपरवाईजर नोडल अधिकारी द्धारा आपके मतदान केन्द्र पर जाकर आपको कार्य में प्रगति लाने के संबंध में बताया गया इसके उपरांत भी 18 नवंबर को उपरान्ह 4 बजे तक केवल 08 मतदाताओं के गणना प्रपत्र को बीएलओं एप के माध्यम से ऑनलाईन किया गया । निर्वाचन जैसे मतव्पपूर्ण कार्य में रूचि नहीं लेना आपकी स्वैच्छाचारिता व लापरवाही को प्रदर्शित करता है जो कि मप्र सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 1966 के नियम 10 के अ्रतर्गत दंडनीय अपराध है। 24 घंटे में अपना जवाब स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत करें नहीं तो एक पक्षीय कार्यवाही प्रस्तावित की जावंगी जिसके लिए स्वयं ही जिम्मेदार होगे। वहीं नरंसिहगढ़ ने मतदान केंद्र 103 पर नियुक्त नोटिस दिलीप कुमार भिलाला प्राथमिक शिक्षक जोगीपुरा को विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर में लापरवाही करने व मतदाताओं के प्रपत्र 17 नवंबर 25 तक ऑनलाइन न करने पर बीएलओ सुपरवाईजर नोडल अधिकारी द्धारा आपके मतदान केन्द्र पर जाकर आपको कार्य में प्रगति लाने के संबंध में बताया गया इसके उपरांत भी 18 नवंबर को उपरान्ह 4 बजे तक केवल 08 मतदाताओं के गणना प्रपत्र को बीएलओं एप के माध्यम से ऑनलाईन किया गया । निर्वाचन जैसे मतव्पपूर्ण कार्य में रूचि नहीं लेना आपकी स्वैच्छाचारिता व लापरवाही को प्रदर्शित करता है जो कि मप्र सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 1966 के नियम 10 के अ्रतर्गत दंडनीय अपराध है। 24 घंटे में अपना जवाब स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत करें नहीं तो एक पक्षीय कार्यवाही प्रस्तावित की जावंगी जिसके लिए स्वयं ही जिम्मेदार होगे।

एक अन्य हादसे में ट्रैक्टर की टक्कर से गंभीर घायल हुआ युवक

# अलाव तापते में बेहोश हुए युवक को अस्पताल ले गए, मृत घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले में भीषण सर्दी का दौर जारी है वहीं शीतलहर और सर्दी से बचने लोग अब अलावों का सहारा लेने लगे हैं। मंगलवार देर शाम अपने घर के सामने अलाव जलाकर ताप रहा 28 वर्षीय युवक अचानक बेहोश होकर पीछे गिर पड़ा। बाद में परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार नेसड़ी गांव निवासी मुकेश पिता मुन्नालाल वर्मा ने मंगलवार शाम करीब 7 बजे सामान्य रूप से घर के सामने अलाव जलाया।

तभी अचानक बैठे-बैठे ही वो पीछे की तरफ गिरकर बेहोंश हो गया। परिजन तुरन्त युवक को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बुधवार को मृतक के पोस्टमार्टम उपरान्त पुलिस ने शव को परिजनों को सौंप दिया। मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू की गई है।

## अज्ञात टैक्टर की टक्कर से बाइक सवार गंभीर

मंगलवार देर शाम हुई एक अन्य दुर्घटना में खुजनेर थाने के लिम्बोदा निवासी घनश्याम पिता कन्हैयालाल किरार बाईक से खजूरी गांव जा रहा था। इस दौरान सामने से आ रहे एक अज्ञात टैक्टर चालक ने बाइक में टक्कर मार दी। दुर्घटना में घनश्याम गंभीर रूप से घायल हो गया। बाद में घायल को जिला अस्पताल लाया गया जहां से प्राथमिक उपचार उपरान्त रेफर कर दिया गया।

अवैध मदिरा निर्माण व परिवहन पर लगाई जा रही सख्ती से रोक

# आबकारी की संयुक्त कार्रवाई में 20 हजार की मदिरा हुई बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

कलेक्टर एवं जिला आबकारी अधिकारी के मार्गदर्शन में जिले मे अवैध मदिरा के निर्माण,धारण, विक्रय व परिवहन के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत 18 नवंबर को व्यावरा वृत्त प्रभारी दीपक राजपूत के द्वारा क्षेत्र गश्त के दौरान वृत्त व्यावरा क्षेत्र के व्यावरा, ग्राम कासौर, डोबडा, मलावर, तलावली, मानकी, जामी, गिन्दौर हाट आदि के संदिग्ध स्थलो पर दबिश देकर , 1 8पीएम पाव, 12 पाव देशी प्लेन, 4 पाव मसाला मदिरा, 6 पावर 10000 केन, 58 लीटर कच्ची मदीरा एवं महुआ लहान 90 किलो जप्त हुई जिसे विधिवत कार्यवाही कर कब्जे



आबकारी लिया। आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के 10 आपराधिक प्रकरण कायम किये एवं चार खाली तलाशी बनाई। उक्त प्रकरणों में जप्त मदिरा का कुल मूल्य 20 हजार 870 रुपए जप्त की गई । उक्त कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी दिलीप भादे, सारंगपुर वृत्त प्रभारी सौरभ कनासे, खिलचीपुर व्रत प्रभारी अंकित चैहान, परीविक्षाधीन आबकारी उप निरीक्षक अर्चना भवारे , आबकारी मुख्य आरक्षक मोहन सिंह यादव, आरक्षक गौरीशंकर विजयवर्गीय, परीविक्षाधीन आरक्षक शिवम पचाया, दिव्यांशी गौर, रतनेश परिहार, गौतम लोधी, राशिका साहू, महिमा मीना, संजय ने मौके पर उपस्थित रहकर सक्रिय एवं सराहनीय योगदान दिया।

बदहाल हो रहे ट्रैफिक को देखते हुए नपा प्रबंधन की कार्यवाही

# हाट-बाजार से दशहरा मैदान में शिफ्ट करवाईं सब्जी की दुकानें



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

राजगढ़ नगर में हर बुधवार साप्ताहिक हाट-बाजार लगता है जिसमें सैकड़ों की संख्या में दुकानदार सहित अन्य लोग आया करते हैं। ऐसे में सुगम यातायात के दृष्टिकोण से दो वर्ष पूर्व नगर पालिका ने मेन मार्केट के सब्जी विक्रेताओं को हर बुधवार अपनी दुकानें दशहरा मैदान में लगाने की हिदायत दी थी। शुरूआत में तो सब्जी विक्रेताओं ने इसका पालन किया लेकिन बीते कुछ हफ्तों से अनेकों सब्जी विक्रेताओं ने हाट-बाजार में ही अपनी-अपनी दुकानें लगाना शुरू कर दिया था। ऐसे में बदहाल यातायात व्यवस्था को देखते हुए कल नगर पालिका प्रबंधन की टीम ने सख्त रुख अपनाते हुए मार्केट में दुकानें लगा रहे सभी तरह के सब्जी विक्रेताओं को निर्धारित स्थान दशहरा मैदान पर शिफ्ट करवा दिया। हालांकि, इस दौरान नगर पालिका की टीम को विक्रेताओं के आक्रोष का भी सामना करना पड़ा परन्तु टीम ने किसी की नहीं सुनी और जैसे ही चालानी कार्यवाही की शुरूआत हुई तो अन्य विक्रेता स्वयं अपनी-अपनी दुकानें, ठेले आदि दशहरा मैदान में लेकर पहुंच गए।

## आगे से काटेंगे सभी के चालान

नगर पालिका प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि बुधवार के साप्ताहिक हाट-बाजार में कोई भी सब्जी विक्रेता मेन मार्केट में अपनी दुकान नहीं लगाएगा। अगर इसके बावजूद मार्केट में दुकानें नजर आईं तो चालानी कार्यवाही कर दी जाएगी।

# इंदिरा गांधी की जयंती मनाई

**ब्यावरा।** ब्यावरा विधानसभा के सुठालिया ब्लॉक में बूढ़ा महादेव पर इंदिरा गांधी की जयंती पर उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। ब्लॉक अध्यक्ष जोधाराम गुर्जर द्वारा ब्लॉक स्तरीय मीटिंग रखी गई जिसमें सुठालिया ब्लॉक की कार्यकारिणी गठित की गई। जिसमें धर्मेंद्र सोंधिया उपाध्यक्ष, मनीष बैरागी उपाध्यक्ष, सचिन शर्मा महासचिव, जगदीश सोंधिया महासचिव, राकेश सोंधिया महासचिव, पहलवान लोधी सचिव दीपक सोंधिया सचिव आदि की नियुक्तियां की गई। साथ ही जिला उपाध्यक्ष अंकित सरावत, विधानसभा अध्यक्ष ईश्वर गुर्जर, छात्र नेता एलकर सोंधिया, कॉलेज अध्यक्ष संदीप लोधी, विधानसभा सचिव संदीप गुर्जर, गब्बर गुर्जर सहित सभी एनएसयूआई के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कांग्रेसजनों ने उत्साह से मनाई इंदिरा की जयंती



**ब्यावरा।** भारत रत्न आयरन लेडी पूर्व प्रधानमंत्रि इंदिरा गांधी की जन्म जयंती के अवसर पर ब्लाक एवं शहर कांग्रेस कमेटी के द्वारा शासकीय अस्पताल ब्यावरा मे पूर्व प्रधानमंत्री स्व इंदिरा के चित्र पर माल्यार्पण कर सभी भर्ती मरीजो एवं उनके परिजनो को फल -बिस्कुट वितरित किए। कार्यक्रम में सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष चंद्रसिंह सोंधिया द्वारा इंदिरा गांधी जी के द्वारा किए गए देश हित के महत्वपूर्ण कामों को बताया साथ ही पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी ने तत्कालीन समय में उनके महिला सशक्तिकरण के कार्यों उनकी विभिन्न योजनाओं जैसे बैंकों के राष्ट्रीयकरण करने, पाकिस्तान के दो टुकड़े करके बांग्लादेश जैसा नया देश बनाना, अमेरिका को उसी की आवाज में मुंह तोड़ने वाले प्रसंग को सभी को बताया कार्यक्रम में ग्रामीण अंचल की महिलाओं की भी भागीदारी रही।

इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र यादव ने कार्यकर्ताओं को मतदाता सूची के गहन परीक्षण एवं आज के कार्यक्रम को विस्तार से बताया। आभार शहर कांग्रेस अध्यक्ष कपिल शिवहरे ने किया। कार्यक्रम मे जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया, पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र यादव, शहर कांग्रेस अध्यक्ष कपिल शिवहरे, मंडल अध्यक्ष ज्ञानू विजयवर्गीय, युनुस मोहम्मद, कैलाश कुशवाह, अमन अरोरा, संजय बंसल, जगदीश सेन, राजू वर्मा, रामनारायण भारती, फूल सिंह वर्मा, धनश्याम पाराशर, फिरोज लाला, राहुल दांगी, राजेश सौंधिया, राजू सौंधिया, साजिद खान, अतीक खान, दाऊद अहमद, नौशाद अंसारी, राजा भाई ढेकेदार, फूलसिंह वर्मा मौजूद रहे।

## ब्लॉक कांग्रेस कमेटी तथा शहर कांग्रेस कमेटी कुरावर ने मनाई इंद्रा जयंती

कुरावर में भी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में स्वर्गीय पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जन्म जयंती मनाई गई डॉ रविन्द्र मीना ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री ने भारत देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में, कृषि के क्षेत्र में, रक्षा के क्षेत्र, देश मे उद्योगिकरण, रोजगार के क्षेत्र में विशेष योगदान दिया और पूरे विश्व में भारत देश का डंका बजाया है उन्होंने अपनी कूटनीति से पाकिस्तान की दो फाड़ कर बांग्लादेश का निर्माण किया। 93 हजार पाकिस्तानी सैनिको को घुकनो के बल बैठा आत्मसमर्पण करने पर मजबूर किया और पूरे विश्व में भारत का नाम रोशन किया हम ऐसी लोह महिला के पद चिन्हो पर चलने का प्रण लेते हैं।

# करोड़ों के विद्युत ग्रिड सहित पंचायत भवन का मंत्री टेटवाल ने भूमिपूजन किया

**सारंगपुर।** बुधवार को सारंगपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बावली में 2 करोड़ 40 लाख रुपये की लागत से बनने वाले नए विद्युत ग्रिड का भूमि पूजन मंत्री गौतम टेटवाल द्वारा विधिवत सम्पन्न किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, पार्टी पदाधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यह नया ग्रिड क्षेत्र की बिजली व्यवस्था को स्थाई रूप से सुदृढ़ करेगा तथा करीब 10 गाँवों की वर्षों से चली आ रही बिजली समस्या का समाधान सुनिश्चित करेगा। इसी क्रम में मंत्री टेटवाल ने ग्राम



पंचायत कांकरिया में अटल पंचायत भवन के निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। साथ ही पुलिया निर्माण तथा सीसी रोड का लोकार्पण कर ग्रामवासियों को महत्वपूर्ण आधारभूत सुविधाओं की सौगात दी। करोड़ों की लागत से स्वीकृत इन जनकल्याणकारी कार्यों ने ग्रामीणों में विकास के प्रति विश्वास और उत्साह को और मजबूत किया है। इस दौरान मंत्री टेटवाल ने कहा कि सरकार का लक्ष्य ग्रामीण जीवन को बेहतर बनाना, आवश्यक सुविधाओं का विस्तार व हर परिवार को समृद्धि से जोड़ना है। आश्वस्त किया कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य निरंतर जारी रहेंगे। ग्रामीण विकास, मूलभूत सुविधाएं और आत्मनिर्भरताकृइन्हीं संकल्पों के साथ क्षेत्र को प्रगतिशील दिशा देने के प्रयासों को आगे बढ़ाया जा रहा है, ताकि हर गाँव मजबूत हो, हर घर समृद्ध हो और हर नागरिक आत्मनिर्भर बने।

# एसआईआर 90 फीसदी पूर्ण, बीएलओ सम्मानित

**राजगढ़।** जिले में मतदाता सूचियों का गहन पुनरीक्षण कार्य(एसआईआर) द्रुत गति से जारी है। उक्त कार्य के लिए मतदान केंद्र वाईज बीएलओ नियुक्त करते हुए उनकी सहायता के लिए अन्य कर्मचारियों को भी पाबंद किया गया है। इसके बावजूद जिले में एसआईआर कार्य की प्रगति काफी धीमी है। हालांकि, कुछ बीएलओ ऐसे भी हैं जो पूरी तन्मयता के साथ एसआईआर कार्य में जुटे रहकर काम को निर्धारित अवधि में पूर्ण करने में लगे हुए हैं। ऐसे उत्कृष्ट प्रदर्शन वाले प्रदेश के पांच बीएलओ को कल राजधानी भोपाल में निवार्चन आयोग द्वारा शॉल, श्रीफल एवं प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इनमें राजगढ़ जिले की खिलचीपुर विधानसभा के




मतदान केंद्र क्रमांक-147 भंडावद के बीएलओ देवकरण शर्मा भी शामिल हैं। शर्मा ने कुल 1173 मतदाताओं में से 1056 मतदाताओं के फार्म डिजिटाईजेशन का कार्य पूर्ण कर दिया है। उपलब्धि पर आयोग ने सम्मानित किया।

# बीएलओ को समय-सीमा में कार्य करने किया प्रेरित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

नगर मे मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम मे गणना पत्रक की स्तिथि एवं उनके डिजिटलाईजेशन कार्य की प्रगति के लिये मुख्य नगर पालिका अधिकारी कृष्णकांत शर्मा द्वारा वार्ड वार भ्रमण किया गया तथा सभी बीएलओं को पूरी निष्ठा से समय सीमा में कार्य करने हेतु प्रेरित किया । साथ ही नगर परिषद कर्मचारियों को भी बीएलओं की सहायता हेतु लगाया गया। कम प्रगति वाले बीएलओ को निर्देशित किया गया शर्मा द्वारा बताया गया कि नगर परिषद कार्यालय में मतदाताओं की सुविधा हेतु वर्ष 2003 की मतदाता सूची उपलब्ध है कोई भी मतदाता कार्यालय में आकर अपनी जानकारी ले सकता है साथ ही फार्म भरने में भी सहायता की जा रही है। उनके द्वारा समस्त मतदाताओं से अपील भी की कि समय पर फार्म भरकर बीएलओ को प्रदान करें। सीएमओ के साथ सुपरवाईजर जितेन्द्र सिंह, नपा के भूपेन्द्र लोहिया बीएलओ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आदि भी उपस्थित रहे ।

आधा सैकड़ा से अधिक बार रक्तदान कर चुके राजेश सक्सेना 'बब्बल' का निधन

# कईयों को जीवन देकर दुनिया छोड़ गया राजगढ़ का 'रक्तवीर दानी'



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

कहते हैं भगवान को भी अच्छे लोगों की जरूरत होती है और वे उन्हें अपने पास बुला लिया करते हैं। एक ऐसे ही दुलर्भ ब्लड ग्रुप वाले रक्तदाता खुशमिजाज, जिंदादिल शख्स राजेश सक्सेना उर्फ बब्बल का मंगलवार-बुधवार की रात्रि इंदौर के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। अपने 61 वर्ष के जीवन में स्व. सक्सेना आधा सैकड़ा से अधिक बार रक्तदान कर दूसरों का जीवन बचाने में मददगार बने थे।

पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग में पदस्थ स्वर्गीय राजेश ने अपने पूरे जीवनकाल में 55 से अधिक बार रक्तदान करते हुए कईं लोगों की जान बचाई। थैलेसीमिया पीड़ित ऐसे बच्चे जिनका ब्लड ग्रुप ए-नेगेटिव रहता था, उनके लिए श्री सक्सेना भगवान से कम नहीं थे। उन्होंने अपने मोबाइल नंबर तक थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के अभिभावकों को उपलब्ध करवा रखे थे। इसके साथ ही जब, जिसे, जहां भी ए-नेगेटिव ब्लड की आवश्यकता पड़ती, सूचना मिलते ही वे तुरन्त वहां पहुंच जाते थे। बीते कुछ माह से उन्हें कैंसर हो गया था और इसी बीमारी के चलते आज राजेश सक्सेना इस दुनिया में नहीं हैं। बुधवार तड़के उनके निधन का समाचार पहुंचते ही नगर में शोक की लहर दौड़ गई। आपको बतादें कि स्वर्गीय राजेश सक्सेना के पिता स्व. उदित नारायण सक्सेना एक स्वतंत्रता संग्राम सैनानी थे।

## कई पुरस्कारों से नवाजे जा चुके हैं स्व. बब्बल

रक्तदान के साथ-साथ समाजसेवा से जुड़े कार्यों में सदैव बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने वाले स्व. श्री राजेश अपने जीवनकाल में प्रशासन सहित कईं सामाजिक, स्वयंसेवी व अन्य संस्थाओं द्वारा उन्हें विभिन्न पुरस्कारों एवं सम्मान से नवाजे जा चुके थे। रक्तदान के साथ-साथ नेत्र शिविरों में भी वे आगे-आगे रहकर निस्वार्थ भाव से कार्य करते थे। इसके साथ ही अपने जीवनकाल में मिले अलग-अलग प्रशासनिक दायित्वों का भी उन्होंने बखूबी निवर्हन किया था।

# मंत्री टेटवाल की मौजूदगी में बीएलओ 2 प्रशिक्षण आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

स्थानीय सेवा सदन कार्यालय में बुधवार को एसआईआर अभियान के तहत बीएलओ-2 प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य मंत्री गौतम टेटवाल उपस्थित रहे। कार्यशाला में बीएलओ-2 साथियों को क्षेत्रीय दायित्वों से संबंधित सभी आवश्यक जानकारियाँ विस्तार से प्रदान की गईं, ताकि क्षेत्र में कार्य की गुणवत्ता, पारदर्शिता और दक्षता को और अधिक मजबूत किया जा सके। इस दौरान मंत्री टेटवाल ने अपने संबोधन में कहा कि कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी और सीखने की उत्सुकता इस प्रशिक्षण की मुख्य विशेषता रही, जिसने पूरे कार्यक्रम को अधिक सार्थक और प्रभावी बनाया। उन्होंने कहा कि एसआईआर प्रशिक्षण का उद्देश्य एक संगठित टीम और सशक्त प्रणाली का निर्माण करना है, जिसका संदेश प्रशिक्षण में स्पष्ट रूप से प्रकट होता है। इसमें जिला प्रभारी निर्मल जैन, विस प्रभारी मनीष सक्सेना, मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, विकास दीक्षित, गिरवर भंडारी, विनोद पाटीदार, जनपद अध्यक्ष देव नागर सहित सभी बीएलओ-2 उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

## मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में सहयोग करने की अपील



**आष्टा।** नगर में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर प्रक्रिया को समयबद्ध और प्रभावी रूप से पूर्ण कराने के उद्देश्य से नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा द्वारा आज वार्ड क्रमांक 13 स्थित हाथीखाना में लगे शिविर में पहुंचकर पुनरीक्षण कार्य में लगे अधिकारी एवं कर्मचारियों से कार्य के बारे में जानकारी प्राप्त की। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मेवाड़ा ने शिविर में संलग्न बीएलओ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के संबंध में दिए गए निर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन करें। निर्देशों का अच्छी तरह से अध्ययन कर ही नागरिकों को संपूर्ण जानकारी दे। टीम द्वारा वार्ड क्षेत्र में मतदाताओं के नाम, पते और उम्र का सत्यापन किया जा रहा है। साथ ही, आवश्यक संशोधन के लिए परिगणना प्रपत्र भी वितरित किए जा रहे हैं। इस घर-घर सत्यापन अभियान में वार्डवासियों से मेवाड़ा ने उत्साहपूर्वक सहयोग करने और आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने की अपील भी की। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने बताया कि मतदाता पुनरीक्षण अभियान को सफल बनाने के लिए प्रत्येक बूथ पर पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। सभी कार्यकर्ता बीएलओ के साथ मिलकर घर-घर जाकर मतदाता परीक्षण कार्य को सुचारू रूप से संपन्न करा रहे हैं। निर्वाचन आयोग का उद्देश्य है कि इस विशेष पुनरीक्षण अभियान के माध्यम से आगामी चुनावों के लिए मतदाता सूची पूरी तरह शुद्ध, अद्यतन और त्रुटिरहित हो। इससे हर पात्र नागरिक अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेगा। यह सहयोगात्मक प्रयास लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### बेदाखेड़ी में स्वच्छता अभियान की उड़ रहीं धज्जियां, सड़क पर बह रहा गंदा पानी

# पंचायत सचिव बोले गांव में कहीं नहीं है गंदगी तस्वीरें गांव में सफाई की दास्तां कर रहीं बयां



गंदगी से ग्रामीण हो रहे हैं परेशान ग्रामीणों ने लगाए आरोप। सड़कों पर बह रहा गंदा पानी, गंदगी से हो रहे लोग बीमार। स्वच्छता अभियान केवल कागजों में जमीनी हकीकत इससे अलग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी

आष्टा जनपद के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत बेदखेड़ी में स्वच्छता अभियान केवल कागजों में जमीनी हकीकत कुछ और ,देश के प्रधानमंत्री स्वच्छता की अलग जगाने के लिए पूरे देश में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है और इस अभियान पर करोड़ों रुपए खर्च भी किए जा रहे हैं। लेकिन इसके बावजूद भी ग्राम पंचायत में चारों ओर गंदगी पसरी हुई है। आमजन को स्वच्छता का पाठ पढ़ाने वाली ग्राम पंचायत बेदाखेडी खुद ही स्वच्छता पर अमल नहीं कर रही है।

### पंचायत के जिम्मेदार भूले जिम्मेदारी

ग्राम पंचायत भवन के सामने और आइड साइड में पूरे रोड पर बह रहा है गंदा पानी गंदगी के ढेर और गांव के गली-मोहल्लों में पड़ा कूड़ा-करकट, इसकी हकीकत बयां कर रहा है। ग्राम पंचायत के जिन नुमाईदों के भरोसे व्यवस्था सुधारने की जिम्मेदारी है वह सब आंख मूंदकर तमाशा देख रहे हैं। इसका खामियाजा आमजन को परेशानी उठाकर भुगतना पड़ रहा है। गंदगी की वजह से बीमारी फैलने का खतरा अलग मंडरा गया है।

### गांव में आज तक नहीं हुई साफ-सफाई

बेदाखेड़ी निवासी सुरेंद्र सिंह और रमेश सोलंकी ने बताया कि हमारे ग्राम पंचायत में दो-तीन सालों से लेकर आज तक कोई साफ सफाई नहीं हुई पूरे गांव में गंदगी और रोड पर गंदा पानी फैल रहा है ग्रामीणों ने यह भी बताया कि सरपंच सचिव भी इस गंदे पानी से होकर ग्राम पंचायत में पहुंच जाते हैं इसके बावजूद भी उन्हें यह गंदगी नजर नहीं आती है साफ सफाई के अभाव में गांव में जगह-जगह गंदगी फैली हुई है इसके चलते ग्रामीणों में बीमारी फैलने की संभावना बनी हुई है। साफ सफाई को लेकर ग्रामीणों द्वारा कई बार शिकायत की गई लेकिन सरपंच सचिव द्वारा आज तक कोई ध्यान नहीं दिया गया है

### आंगनबाड़ी के सामने ही गंदगी

बेदाखेड़ी में पदस्थ आंगनबाड़ी सहायिका पूजा मलोठिया ने बताया कि हमारे आंगनबाड़ी केंद्र के सामने भी हमेशा गंदगी और गंदा पानी फैला हुआ रहता है अगर कोई बड़ा अधिकारी यहां पर आता है तो साफ सफाई हो जाती है नहीं तो बिल्कुल भी साफ सफाई नहीं होती हम लोगों को केंद्र तक आने जाने



में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### सचिव बोले, हम कराते हैं सफाई



इस मामले में जब पंचायत सचिव रमेश सेन से बात की गई तो उन्होंने बताया कि हमारे द्वारा पूरे गांव में साफ सफाई कराई जाती है और कहीं पर भी गंदा पानी रोड पर नहीं दिखेगा। ऑनलाइन नालियों में गंदगी दिखेगी क्योंकि हमारी ग्राम पंचायत आदर्श ग्राम पंचायत है इसके चलते हम लोगों को यहां पर रोज साफ सफाई कराना पड़ती है। मुझे आए हुए 4 महीने हुए हैं तब से लगातार साफ सफाई कराई जा रही है।

## पानी चोरी करने वालों पर नपा ने की कार्रवाई, पांच मोटर जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

मुख्य नगरपालिका अधिकारी के मार्गदर्शन में पार्वती नदी में संग्रहित जल को चोरी होने से रोकने के लिए सर्चिंग दल गठित किया गया है जो प्रतिदिन नदी किनारे की सर्चिंग कर अवैध रूप से विद्युत जल मोटर डालकर नदी में संग्रहित पानी की चोरी करने वाले ग्रामीणजनों पर नकैल कसी जा रही है। सीएमओं ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्रीष्म ऋतु में जल संकट उत्पन्न नही हो इसके लिए निकाय की टीम दिन और रात दोनों समय नदी किनारे बसे ग्रामों तक जाकर सर्चिंग कार्य कर रही है। विगत एक सप्ताह पूर्व से प्रारंभ हुए इस कार्य में लगभग 5 विद्युत जल मोटर जप्त की जा चुकी है। श प्रजापति ने बताया कि सर्चिंग कार्य अनवरत रूप से जारी रहेगा। सीएमओ श्री प्रजापति ने नदी किनारे बसे ग्रामीणजनों से अपील की है कि पार्वती नदी में संग्रहित जल नगरवासियों की प्यास बुझाने के लिए भंडारित है, अवैध रूप से विद्युत जल मोटर डालकर पानी की चोरी नही करें।

## सांदीपनि विघालय के छात्र शिशुपाल का भारतीय सेना में चयन



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

सांदीपनि विद्यालय में अध्यनरत विद्यार्थी शिशुपाल ठाकुर पिता कृपालसिंह ग्राम कालापीपल निवासी हैं, जिनका भारतीय सेना में चयन होने पर विद्यालय परिवार में विद्यार्थियों के मध्य अभिनंदन किया गया। शिक्षक अकबर सिद्दीकी ने बताया कि पिछले वर्ष कक्षा 12वीं (बायो संकाय) से उत्तीर्ण शिशुपाल एक माध्यम परिवार से है, जिनके पिता मूलतः कृषि कार्य करते हैं एवं माताजी ग्रहणी है परिवार मे आप अकेले पुत्र हैं। परंतु प्रारंभ से ही प्रतिभाशाली हैं अपने विद्यालय में रहते हुए खेलकूद,स्काउट, एनसीसी तथा विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय रहकर कक्षा 12वीं उत्तीर्ण की है एवं शुरू से ही भारतीय सेना में जाने का आप में जज्बा था जिसको आपने प्राण प्राण से पूरा किया है। यही नहीं भारतीय सेना में चयन की कामना को लेकर अपने ग्राम कालापीपल से महाकालेश्वर उज्जैन लगभग 110 किलो मीटर तक दौड़ते हुए महाकालेश्वर के दर्शन किए। आज आपकी उपलब्धि पर विद्यालय परिवार में प्राचार्य नितिन कौशल, मुनेंद्रसिंह तोमर, अजय कुमार मिश्रा, लोकेंद्रसिंह ठाकुर, दरियाव सिंह मालवीय ,सुजाता मालवीय ,बहादुरसिंह ठाकुर, रामस्वरूप वर्मा, जयंत कुमार गुप्ता, जितेंद्र निगोदिया, पवन राठौड़, रोहित मालवीय,कमलेश खत्री, धर्मेंद्र खत्री, राजवीरसिंह ठाकुर, नितिनसिंह ठाकुर आदि ने साफा तथा पुष्पाल से स्वागत कर शुभकामनाएं दी हैं।

## ब्लॉक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती मनाकर किया याद

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



ब्लॉक नगर कांग्रेस आष्टा द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की जयंती स्थानीय कम्युनिटी में मनाई गई। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं ने इंदिरा गांधी जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र शोभाखेड़ी ने इंदिरा गांधी को याद करते हुए कहा कि इंदिरा जी ने 1969 में 14 बड़े बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया, जिससे देश के आर्थिक विकास को बढ़ावा मिला।

इस निर्णय से गरीबों और मध्यम वर्ग के लोगों को आसानी से ऋण मिलने लगा और देश की आर्थिक नीतियों में एक नया अध्याय जोड़ा गया। इंदिरा जी ने गरीबी उन्मूलन के लिए कई कार्यक्रम शुरू किए, जिनमें से कुछ प्रमुख उद्देश्य गरीबों के जीवन स्तर में सुधार लाना और उन्हें मुख्यधारा में शामिल करना था। 1974 में इंदिरा जी के नेतृत्व में भारत ने अपना पहला परमाणु परीक्षण किया, जिससे देश की सुरक्षा और वैज्ञानिक क्षमता में वृद्धि हुई। इस परीक्षण ने भारत को विश्व के प्रमुख देशों की श्रेणी में ला खड़ा किया। इंदिरा जी के कार्यकाल में हरित क्रांति की शुरुआत हुई, जिससे देश में खाद्यान्न उत्पादन में वृद्धि हुई और भारत को खाद्यान्न के मामले में आत्मनिर्भर बनाया गया। इस क्रांति ने किसानों को नई तकनीकों और बीजों का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया उपरोक्त अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र शोभाखेड़ी, नगर कांग्रेस अध्यक्ष जाहिद खान गुड्डू, जिला पंचायत सदस्य कमल सिंह चौहान, पूर्व जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुलाब बाई ठाकुर, सुनिल कटारा, कमल सेठ, डॉ एजाज खान, कमल बड़लिया, शंकर सोनी,मसूद खान, बंशीलाल बांबे, चेतन भाटी, शंकर सक्सेना, हरेंद्र नौगांव, रूप सिंह गोरिया, तोसिफ उद्दीन, नासिर मसूदी आदि कांग्रेस जन मौजूद रहे।

## पुष्प सीनियर स्कूल में बाल दिवस का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



पुष्प सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बाल दिवस बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पूरे कार्यक्रम का संचालन शिक्षकों ने संयुक्त रूप से किया, जिसमें बच्चों के लिए प्रेरणादायक और मनोरंजक प्रस्तुतियाँ शामिल थीं।कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना और प्रार्थना गीत से हुई,तत्पश्चात मैनेजर फादर द्वारा पंडित जवाहरलाल नेहरू जी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया।इसके बाद गरिमामयी दीप प्रज्वलन समारोह सम्पन्न हुआ।

जिसमें प्राचार्य फादर मेलविन सीजे, उप-प्राचार्य सिस्टर सूमा और मैनेजर फादर जुलीयस कुल्लू, सीनियर और जूनियर हेड बाय, हेड गर्ल, शामिल रहे।मंच की पहली प्रस्तुति शिक्षिका नेहा राठौर,पूजा झंवर, चंचल सेन द्वारा सुंदर शास्त्रीय नृत्य से हुई। इसके पश्चात शिक्षिका डेनी सहायराज ने प्रेरणादायक शिक्षक भाषण दिया। तृप्ति मैडम और पार्वथी मैडम ने भी आकर्षक सोलो डांस प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। विद्यालय के प्राचार्य ने अपने संदेश में बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें प्रेरित किया।कार्यक्रम का विशेष आकर्षण स्कूल का आरकेस्ट्रा, केविन सर और छात्रों द्वारा ऊर्जावान ग्रुप डांस रहा। तत्पश्चात असिस्टेंट हेड बाय समर्थ शर्मा और हेड गर्ल ने प्रभावी धन्यवाद ज्ञापन दिया। वहीं नंद किशोर वर्मा और सुधीर तिर्की ने रोमांचक कराटे प्रदर्शन कर बच्चों की खूब तालियाँ बटोरीं।अंत में विद्यालय की शिक्षिकाओं ने ग्रांड फिनाले नृत्य पेश किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। पूरे कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक अकांक्षा चौरसिया, दोरोथी, पलाश सेठी, अभिलाषा मेवाड़ा पूजा चौधरी और जेनिफर ने प्रभावी ढंग से किया।बाल दिवस कार्यक्रम के उपरांत विद्यालय में विद्यार्थियों और शिक्षकों के बीच मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच आयोजित किया गया। मैच की शुरुआत में छात्रों की टीम ने टॉस जीतकर गेंदबाज़ी का निर्णय लिया। शिक्षकों की टीचर्स प्लेइंग 11 ने दमदार प्रदर्शन करते हुए 117 रनों का लक्ष्य दिया।जवाब में स्टूडेंट्स प्लेइंग 11 ने शानदार बल्लेबाज़ी का प्रदर्शन करते हुए मात्र 8 ओवर में लक्ष्य का पीछा कर मैच जीत लिया।मैच के बाद विद्यार्थियों की टीम के कप्तान पुष्कर और शिक्षकों की टीम के कप्तान पलाश सेठी ने अपने-अपने उत्साहपूर्ण अनुभव साझा किए। अंत में विद्यालय के खेल शिक्षक राकेश बाजपेयी ने स्टूडेंट्स प्लेइंग 11 को विजेता ट्रॉफी प्रदान की तथा मैन ऑफ द मैच का खिताब दिपेश जायसवाल को उनकी शानदार पारी के लिए दिया गया।

### जनसुनवाई में आए क्षेत्र के नागरिकों की विधायक गोपल इंजीनियर ने सुनी समस्याएं

# गांव के बीच से शराब का ठेका हटवाने महिलाओं ने दिया आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

जनसुनवाई में ग्राम चुपाडिया की सरपंच सुनीता बाई के नेतृत्व में बड़ी संख्या में ग्राम की महिलाओं ने पहुच कर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर को अपनी पीड़ा बताई की ग्राम के बीच जो शराब का ठेका है उसके कारण पूरे ग्राम की महिलाएं दुखी,पीड़ति,परेशान है,हमारे ही पति दिन भर शराब पीते है,नशे में घर आते है,बच्चों को,महिलाओं को परेशान करते है,मारपीट करते है,खुले आम ग्राम में जुआ चलता है,हम महिलाएं मेहनत मजदूरी कर पैसा कमाती है और हमारे घर के पुरुष शराब जुए में पैसा खत्म कर देते है। ग्राम के बीच मे शराब के ठेके पर नशेड़ी निकलने वाली महिलाओं,बच्चियों को परेशान करते है,भद्दे भद्दे बोलते है । देर रात तक उक्त शराब के ठेके पर गंदा माहौल बना रहता है। कई बार शराबियों में लड़ाई झगड़े हो जाते है जिससे ग्राम का माहौल बिगड़ जाता है। पीड़ति महिलाओं ने विधायक से मांग की है कि ग्राम का उक्त ठेका बन्द कराया जाये ।

महिलाओं की पीड़ा सुनने के बाद विधायक ने एसडीएम को निर्देश दिये कि उक्त समस्या को गम्भीरता से ले एवं ग्राम की पीड़ित, दुखी महिलाओं को उक्त समस्या से मुक्त करें। स्मरण रहे प्रत्येक बुधवार को



आष्टा विधायक अपने कार्यालय में सुबाह 10 बजे से जनता की समस्याओं को सुनने,उनेह हल करवाने के लिये जनसुनवाई करते है । बुधवार को प्रातः 10 बजे से कार्यालय में उपस्तिथ रह कर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने जनता की समस्याओं को सुना एवं उनकी समस्याओं को हल करने के सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर जो की हर बुधवार को अपने कार्यालय में जन सुनवाई कार्यक्रम के तहत उपस्तिथ रहते है। बड़ी संख्या में क्षेत्र से नागरिक जनसुनवाई में पहुचे एवं अपनी अपनी पीड़ा से विधायक को अवगत कराया एवं आवेदन दिये। जनता से प्राप्त आवेदनों पर विधायक ने कहा की आपका जन सेवक होने के नाते आपकी समस्याओं को सुनना, हल करना मेरा धर्म है। आज आये आवेदनों को तत्काल सम्बंधित विभागों के अधिकारियों से चर्चा कर ग्रामीणों की समस्याओं का समय सीमा में तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिये। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कार्यालय आये सभी नागरिको को भरोसा दिया कि आपकी समस्याओं का जल्द निराकरण होगा,जो मांग शासन स्तर की है उनेह वे शासन तक पहुचायेंगे। विधायक कार्यालय से जानकारी देते हुए बताया की आज जनसुनवाई में आये ग्रामीणों ने आर्थिक सहायता प्रदाय कराने,ग्राम में ट्रांसफार्मर स्थापित कराने, गौशाला रामपुराकलॉ में नाला निर्माण एवं भूसा रखने हेतु टीन शेड स्वीकृत करने,बैंक ऋण वसूली में समय वृद्धि कराने,बी.पी.एल. कार्ड बनवाने संबंधी,समय पर बिजली ना मिलने, प्रधानमंत्री आवास प्रदाय कराने, विद्युत सहायक के अन्यत्र स्थानान्तरण कराने, ग्राम चुपाडिया से शराब का ठेका बंद कराने, जल आपूर्ति हेतु पानी का टेंकर प्रदाय कराने सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए। सभी आई शिकायतों एवं आवेदनों को सम्बंधित विभागों को निराकरण हेतु निर्देश दिये है। विभागों की आई समस्याओं को लेकर मौके से ही सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को आई समस्याओं के निराकरण करने के निर्देश दिये,कुछ आवेदन निराकरण हेतु सम्बंधित विभागों को भेजे गये।

## जन शिक्षा केंद्र पर संपन्न हुई ओलंपियाड परीक्षा



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी

जन शिक्षा केंद्र कोठरी पर मध्य प्रदेश शासन के निर्देश अनुसार ओलम्पियाड परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमें जन शिक्षा केंद्र अंतर्गत आने वाली समस्त प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं से छात्र-छात्राएं उपस्थित हुए कक्षा 2 और 3 में 134 छात्र-छात्राएं कक्षा 4और पांच में 135 तथा कक्षा 6, 7 और 8 में 185 छात्र छात्राओं ने ओलंपियाड परीक्षा में भाग लिया। परीक्षा में 387 छात्र छात्राएं उपस्थित थे 70छात्र छात्राएं अनुपस्थित रहे। शासन द्वारा बच्चो के विषय ज्ञान के साथ साथ बुद्धि की हेतु ओलंपियाड परीक्षाएँ प्रदेश के समस्त शासकीय स्कूलों में आयोजित की जाने वाली विशिष्ट परीक्षा हैं। जिनका उद्देश्य असाधारण क्षमता, प्रतिभा और संज्ञानात्मक क्षमता वाले छात्रों की पहचान करना और उन्हें निखारना होता है ताकि छात्र छात्राए मूलभूत दक्षताएं भी प्राप्त कर सके और ओएमआर शीट के माध्यम से परीक्षा दे सकें। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य एमेल्डा टिर्की, समस्त शिक्षक गण ने उपस्थित रहकर परीक्षा सम्पन्न करवाई।